भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 872

दिनांक 24 जुलाई, 2025 को उत्तरार्थ

.....

बुंदेलखंड क्षेत्र में बाँधों से गाद निकालना

872. श्री अनुराग शर्माः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार अवगत है कि झांसी और ललितपुर जिलों सहित बुंदेलखंड क्षेत्र में अनियमित वर्षा के कारण किसानों को अक्सर पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस क्षेत्र के कई बड़े और छोटे बांधों में 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक गाद जमा हो गई है, जिससे उनकी जल भंडारण क्षमता में भारी कमी आई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का इन बांधों की जल भंडारण क्षमता को बढ़ाने और कृषि लाभ में सुधार लाने के लिए गाद निकालने और जीर्णोद्धार कार्य शुरू करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सिरसागर (363.93 एमसीएम), शहजाद (321.00 एमसीएम), माताटीला (641-742 एमसीएम), सुखनई (52.00 एमसीएम), सपरार (76.00 एमसीएम) आदि सहित क्षेत्र के प्रमुख बांधों की वर्तमान भंडारण क्षमता का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इन बांधों की पूर्ण क्षमता बहाल करने और क्षेत्र के किसानों को सतत् सिंचाई सहायता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): किसी भी क्षेत्र या देश की औसत वार्षिक जल उपलब्धता अधिकांशत: जल-मौसम संबंधी और भूवैज्ञानिक कारकों पर निर्भर करती है। किसी क्षेत्र में वर्षा में अत्यधिक अस्थायी और स्थानिक भिन्नता के कारण, जल उपलब्धता के परिणामस्वरूप जल की कमी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, प्रति वर्ष 817 मिमी की मानक वर्षा की तुलना में, झाँसी और ललितपुर जिलों में पिछले 7 वर्षों में औसत वास्तविक वर्षा क्रमशः 669 मिमी (82%) और 810 मिमी (99%) रही है।

(ख) से (ड़): बांध मालिक, जो अधिकांशत: राज्य सरकारें होती हैं, सामान्यत: अपने बांधों के जीवनकाल का मूल्यांकन करने और इष्टतम जलाशय संचालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित अंतराल पर उनकी क्षमता का सर्वेक्षण करते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार और केंद्रीय जल आयोग

द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, सर्वेक्षण किए गए माताटीला बांध, राजघाट बांध, सपरार बांध (तीनों बांध उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित हैं) और पगारा बांध (मध्य प्रदेश), जिनका सर्वेक्षण किया जा चुका है, की सकल भंडारण क्षमता में गाद जमाव के कारण क्रमशः 31.14%, 6.25%, 8.50% और 17.88% की हानि रिपोर्ट की गई है। बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित माताटीला बांध, राजघाट बांध, सपरार बांध और पगारा बांध की वर्तमान भंडारण क्षमता क्रमश: 678.71 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम), 2036.34 एमसीएम, 69.66 एमसीएम और 98.87 एमसीएम है, जबकि उनकी मूल क्षमता क्रमश: 985.65 एमसीएम, 2172 एमसीएम, 76.20 एमसीएम और 120.4 एमसीएम थी।

जल/सिंचाई राज्य का विषय होने के कारण, बांधों, तटबंधों और नहरों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण सहित सिंचाई परियोजनाओं की आयोजना, कार्यान्वयन, प्रचालन एवं रखरखाव राज्य सरकारें अपने संसाधनों से और अपनी आवश्यकताओं एवं कार्यों की प्राथमिकता के अनुसार करती हैं। भारत सरकार, राज्य सरकारों के प्रयासों को संपूरित करने के लिए, विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों, जैसे बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना (ड्रिप-II एवं III), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) आदि के माध्यम से जल संसाधनों के सतत विकास और कुशल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

*****